शीशी को लिये हुए थे और उन्होंने वही बात पेश करनी चाही थी तो उस वक्त यह बात जरूरी नहीं थी लेकिन चूंकि अब बागड़ी साहब के हाथ में आ गई है इसलिए उसकी खुसूसियत हो गई ।

श्री बागड़ी : खुसूसियत शीशी की नहीं बल्कि भूख की है जिसकी कि तरफ़ मैं . . .

अध्यक्ष महोदय : बहुत कह गये अब और कुछ नहीं हो सकता ।

श्री बागड़ी : सवाल तो यह है . . .

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य अब बैठेंगे भी या अपना भाषण जारी ही रखगे ?

श्री बागड़ी : अध्यक्ष महोदय, मैं भाषण जारी नहीं कर रहा हूं बल्कि मैं . . .

अध्यक्ष महोदय : फिर बैठ जाइये । पेपर्स टु बी लेड ओन दी टेबुल ।

श्री बागड़ी : मेरा आप से इतना ही निवेदन है कि उसे रेकाड से खारिज न किया जाये और उसे रहने दिया जाये ।

अध्यक्ष महोदय : अगर अब भी माननीय सदस्य न बैठेंगे तो मुझे ऐक्शन लेना पड़ेगा ।

श्री बागड़ी : ऐक्शन तो जरूर ही आप लीजियेगा । आप हमेशा कोशिश करते हैं कि ऐक्शन हो ।

अध्यक्ष महोदय : मेरी तो कोशिश रहती है कि ऐक्शन न लेना पड़े । मैं हर मुमकिन कोशिश करता हूं कि मुझे ऐक्शन लेने की नौबत पेश न आये ।

श्री बागड़ी : अध्यक्ष महोदय, इस तरह से तो यह लोक सभा . . .

अध्यक्ष महोदय : अब मैं मेम्बर साहब से कहूंगा कि वह बाक़ी दिन के लिए हाउस से बाहर चले जायें ।

श्री बागड़ी : मैंने कौन सा ऐसा गुनाह कर दिया जो मुझे चले जाने के लिए कहा जा रहा है ?

अध्यक्ष महोदय : अब आप बाहर चले जायं ।

श्री बागड़ी : मैं यहां पर भूखों की बात कहना . . .

अध्यक्ष महोदय : मैं ने मेम्बर साहब से कहा है कि वह बाक़ी दिन के लिए हाउस के बाहर चले जायें ।

श्री बागड़ी : मेरा निवेदन यह है कि प्रधान मंत्री ने उन्हें

अध्यक्ष महोदय : चूंकि माननीय सदस्य अभी भी बाहर नहीं जा रहे हैं इसलिए मैं उनका नाम पुकार कर कहता हूं कि श्री बागड़ी इस सदन् से बाक़ी दिन के लिए बाहर चले जायें ।

श्री बागड़ी : अध्यक्ष महोदय, यह तो बहुत ज्यादती है ।

Shri Bagri then left the House.

12.19 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

REPORTS OF INDIAN PRODUCTIVITY TEAMS

The Minister of Heavy Engineering in the Ministry of Industry and Supply (Shri T. N. Singh): I beg to lay on the Table a copy each of the following Reports:—

(i) Report of Indian Productivity Team on Techniques of International Trade in West Germany, U.S.A. and Japan. [*Placed in Library. See* No. LT-3476/64].

(ii) Report of Indian Productivity Team on Materials Handling in West Germany, Britain and U.S.A. [*Placed in Library. See* No. LT-3477/64].